आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.12.2025   समय : 1905

- भारत और न्यूजीलैंड ने नौ महीने के रिकॉर्ड समय में मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जताई। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा आज न्यूजीलैंड के लिए बड़ा दिन है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित सत्त्त परमाणु, ऊर्जा उपयोग और विकास, भारत रूपांतरण विधेयक– दो हजार पच्चीस– शांति विधेयक को स्वीकृति दी।
- स्पाइस प्रवाह पहल के अंतर्गत द्वीपसमूह के पांच किसानों को केरल के कोझिकोड में मसाला रोपण सामाग्री पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।
- कार्बाइन्स कोव तट पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव द बीच गेम्स–2025 का समापन हुआ।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से ऐतिहासिक, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के सफल समापन की घोषणा की। मार्च 2025 में प्रधानमंत्री लक्सन की भारत यात्रा के दौरान वार्ता शुरू होने के बाद, दोनों प्रधानमंत्रियों ने इस बात पर सहमति जताई कि रिकॉर्ड 9 महीनों में मुक्त व्यापार समझौते का संपन्न होना दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने की साझा महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक संदेश में कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में न्यूजीलैंड से बीस अरब डॉलर से अधिक के निवेश का स्वागत करता है। वहीं न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि आज न्यूजीलैंड के लिए एक बड़ा दिन है। इस समझौता के तहत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत के एक दशमलव चार अरब उपभोक्ताओं को बड़े बाजार तक पहुंच मिलेगी। दोनो प्रधानंमत्रियों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने और अगले पन्द्रह वर्षों में न्यूजीलैंड द्वारा भारत में बीस अरब डॉलर के निवेश का विश्वास व्यक्त किया।

<><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित सतत परमाणु ऊर्जा उपयोग और विकास, भारत रूपांतरण विधेयक, दो हजार पच्चीस – शांति विधेयक को स्वीकृति दे दी है। राष्ट्रपति ने कल इस विधेयक को मंजूरी दी। इस विधेयक में नागरिक परमाणु क्षेत्र से जुड़े सभी कानूनों को समाहित किया गया है। साथ ही इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक के तहत परमाणु ऊर्जा अधिनियम, उन्नीस सौ बासठ और नागरिक परमाणु क्षति दायित्व अधिनियम, दो हजार दस को निरस्त कर दिया गया है, जिन्हें भारत में नागरिक परमाणु क्षेत्र के विकास में बाधक माना जा रहा था।

<><><><><><><>

राज्यसभा की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रबंधन संबंधी संसदीय स्थायी समिति आज से 25 दिसंबर तक द्वीप समूह के दौरे पर रहेगी। कल समिति के सदस्य जॉली बॉय का भ्रमण करेंगे। इसके बाद होटल सी प्रिंसेस में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। 24 दिसंबर को समिति द्वारा "डिजिटल वित्त, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विकास और नागरिक डेटा सुरक्षा" विषय पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्त मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी। इसी दिन अंडमान–निकोबार में डिजिटल कनेक्टिविटी से जुड़ी चुनौतियों पर भी विचार–विमर्श होगा। समिति 24 और 25 दिसंबर को राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल का दौरा करेगी तथा लाइट एंड साउंड शो का अवलोकन करेगी। 25 दिसंबर को समिति चेन्नई के लिए प्रस्थान करेगी।

<><><><><><><>

"स्पाइस प्रवाह" पहल के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी के माध्यम से पांच प्रगतिशील किसानों और दो अधिकारियों को मसाला रोपण सामग्री की वृद्धि पर विशेष कौशल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के लिए इन्हें केरल के भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान, भेजा गया था। प्रशिक्षण के दौरान रंगत, कैंपबेल बे, कच्छाल तथा दक्षिण अंडमान के किसानों को जायफल और काली मिर्च के उत्पादन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। किसान–वैज्ञानिक संवाद सत्र में किसानों ने क्षेत्रीय समस्याएं साझा कीं, जिन पर विशेषज्ञों ने पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा रोगमुक्त पौध तैयार करने के उपाय बताए। प्रतिभागियों ने प्रगतिशील किसानों के खेतों का भ्रमण कर मसाला एवं फल फसलों के समन्वित खेती मॉडल को देखा। चयनित किसानों को अब उच्च उपज वाली जायफल तथा काली मिर्च की किस्मों की रोपण सामग्री तैयार करने का लाइसेंस मिलेगा, जिससे क्षेत्र में मसाला उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><>

अमरीका के न्यूयॉर्क शहर में आध्यात्मिक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के नेतृत्व में दूसरे विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और लाखों लोग ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीस मिनट का समन्वित ध्यान किया। श्री श्री रवि शंकर ने ध्यान को आधुनिक जीवन के लिए विलासिता नहीं बल्कि एक आवश्यक मानसिक स्वच्छता बताया और कहा कि मन की शांति परिवारों और देशों के बीच सद्भाव की दिशा में पहला कदम है। इस कार्यक्रम में एक सौ चालीस देशों में सभी लोगों के कल्याण पर नज़र रखने के लिए अमरीकी शोध और सर्वेक्षण कंपनी—गैलप के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा भी की गई। संयुक्त राष्ट्र और कई अमरीकी शहरों से आधिकारिक मान्यता प्राप्त इस दिवस ने ध्यान को बढ़ते वैश्विक तनाव और चिंता से निपटने में लोगों की सहायता करने के लिए एक सरल और धर्मनिरपेक्ष साधन के रूप में उजागर किया।

<><><><><><><>

अखिल भारत अय्यप्पा सेवा संघ कल चौदहवीं वार्षिक थिरुवाभरण घोषा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा स्वामी अय्यप्पा के वार्षिक पर्व के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। यात्रा का प्रारंभ गणेश मंदिर, बाबू लेन से सुबह साढ़े नौ बजे होगा, जिसमें स्वामी अय्यप्पा की तीन अलग—अलग सजावटी थिरुवाभरण बॉक्स को रथ में रखकर भक्तों के साथ पदयात्रा की जाएगी। यात्रा मार्ग में बंगाली क्लब, गोलघर, जंगलीघाट, डेयरीफार्म और भातूबस्ती शामिल हैं। मुरुगन मंदिर, टेलराबाद में दोपहर साढ़े बारह बजे अन्नदान का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद यात्रा 3 बजे फिर शुरू होकर सिप्पीघाट अय्यप्पा मंदिर तक जाएगी। अय्यप्पा मंदिर में तीन गुरुस्वामी 18 सीढ़ियों से थिरुवाभरण बॉक्स मंदिर पूजारी को सौंपेंगे। शाम 6 बजे दीपाराधना और उसके बाद पुष्पाभिषेक होगा।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित "बीच खेल – 2025" का आयोजन कार्बाइन्स कोव तट पर किया गया। प्रतियोगिताएं पुरुष एवं महिला वर्ग में आयोजित की गईं, जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी, टग ऑफ वॉर, पचास तथा सौ मीटर दौड़, फुटबॉल, जैसे खेल शामिल थे। इस खेल आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा स्वस्थ और नशामुक्त जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में लगभग छह सौ पचास खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह कल शाम 5 बजे आयोजित हुआ, जिसमें खेल निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में खेल नियंत्रक अधिकारी ज्ञान शील दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए।

**<><><><><><><>**

आई आर बी एन यूनिट द्वारा "पुलिस सॉकर लीग–2025" का आयोजन किया जा रहा है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्देश्य पुलिस कर्मियों और स्थानीय समुदाय के बीच खेल भावना, टीम वर्क और आपसी संबंधों को बढ़ावा देना है। पुलिस सॉकर लीग–2025 का फाइनल मुकाबला अंडमान निकोबार पुलिस – ए तथा बाराटांग फुटबॉल क्लब के बीच कल खेला जाएगा। यह मैच आई आर बी एन मुख्यालय, पोर्ट मोर्ट में शाम साढ़े पांच बजे से शुरू होगा। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक, हरगोबिंदर सिंह धलीवाल, उपस्थित रहेंगे। इस लीग में विभिन्न स्थानीय फुटबॉल क्लबों, पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस बल की टीमों ने भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेल के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करना था।

**<><><><><><><>**